# मां-भाई को उल्टी पड़ी प्रेमी को हत्या के मामले में फंसाने की साजिश

▶ युवती की हत्या के मामले में उसकी मां और भाई पर केस दर्ज



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** हीरानगर क्षेत्र में युवती ज्योति अग्रवाल की मौत के तीन महीने बाद पुलिस जांच ने पूरे मामले की तस्वीर बदल दी. शुरुआत में जिस प्रेमी पर ब्लैकमेलिंग और मौत के लिए जिम्मेदार होने के आरोप लगाए गए थे, जांच में वह संदेह के दायरे से बाहर हो गया. पुलिस ने अब ज्योति की मां शीतल अग्रवाल और भाई प्रकाश के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है. जांच में सामने आया कि दोनों ने पहले ज्योति के साथ मारपीट की और बाद में सबूत मिटाकर घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की.

2 अप्रैल की रात ज्योति का मयंक साहू से मिलने की बात को लेकर घर में विवाद हुआ था. इसी दौरान मां और भाई ने उसकी बेरहमी से पिटाई की. अगले दिन उसकी मौत हो गई. जांच में यह भी सामने आया कि घटना के बाद घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग डिलीट कर दी गई और घटनास्थल की स्थिति बदलकर आत्महत्या का मामला साबित करने की कोशिश की गई. शुरुआती जांच में मां और भाई ने मयंक पर अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने और पांच लाख रुपए ऐंठने का आरोप लगाया था, लेकिन पूछताछ में मयंक ने रकम को कारोबारी लेन देन बताया. उसने पुलिस को यह भी बताया कि बाद में उसने ज्योति को 31 ग्राम सोना खरीदकर दिया था.

मामले ने उस समय नया मोड़ आ गया, जब मयंक ने पुलिस को 2 अप्रैल की रात की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सौंपी. रिकॉर्डिंग में ज्योति अपने दोस्त कुशाल से रोते हुए कह रही थी कि उसकी मां और भाई उसके साथ मारपीट कर रहे हैं और दोस्त से पुलिस को सूचना देने के लिए कह रही है. हालांकि सूचना पुलिस तक नहीं पहुंची और अगले दिन ज्योति की मौत की खबर सामने आई. पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भी पुलिस के संदेह को मजबूत किया. रिपोर्ट में सिर पर दो गंभीर चोटों समेत शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर करीब 10 चोटों के निशान मिले. जब पुलिस ने इन चोटों और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग डिलीट होने को लेकर मां और भाई से पूछताछ की तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके.

### ज्योति के साथ मारपीट के बाद जहरीला पदार्थ पिलाया गया

एसीपी रुबिना मिजवानी के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया कि ज्योति और मयंक स्कूल के समय से एक दूसरे को जानते थे और शादी करना चाहते थे. दोनों परिवार की सहमति नहीं मिलने पर अलग रहकर जीवन शुरू करने की तैयारी में थे और इसके लिए करीब 25 लाख रुपए भी जमा कर चुके थे. पुलिस का दावा है कि मारपीट के बाद ज्योति की हालत बिगड़ने पर उसे जबरन जहरीला पदार्थ पिलाया गया, जिससे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मां शीतल अग्रवाल और भाई प्रकाश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. जांच अभी जारी है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है.

# हलीम खाने जा रहे मजदूर को चाकू मारा, 3 बदमाश फरार

**इंदौर.** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में हलीम खाने जा रहे एक मजदूर पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया. बदमाशों ने पहले उससे हाथापाई की और फिर चाकू मारकर घायल कर फरार हो गए. घायल को पहले जिला अस्पताल और बाद में एमवाय अस्पताल रेफर किया जहां उसका इलाज किया जा रहा है. चंदननगर के नाले पार रहने वाले राजा उर्फ साजिद उम्र 24 साल मजदूरी करने के बाद 5 जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे बंबई बाजार, दरगाह चौराहा होते हुए उदापुरा की ओर हलीम खाने जा रहा था. रास्ते में नफीस बेकरी वाली गली स्थित सार्वजनिक बाथरूम के पास वह पेशाब करने रुका. बाहर निकलते ही वहां खड़े तीन अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया और कॉलर पकड़ने की कोशिश की. साजिद ने विरोध किया तो तीनों उससे हाथापाई करने लगे.

### गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल किया रेफर

इसी दौरान एक बदमाश ने चाकू निकालकर उसकी पीठ पर दो वार कर दिए. घायल हालत में साजिद वहां से भागकर मुकेरीपुरा पहुंचा, जहां उसे उसका चचेरा भाई फिरोज मिला. इसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया. पंढरीनाथ पुलिस ने अज्ञात तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

# रिश्वतखोरी में सजा के बाद पटवारी और वनरक्षक बर्खास्त

▶ लोकायुक्त के दो अलग-अलग ट्रैप मामलों में दोषी पाए गए दोनों आरोपी

नव भारत न्यूज

इंदौर. लोकायुक्त के दो अलग-अलग ट्रैप मामलों में दोषी ठहराए गए एक पटवारी और एक वनरक्षक को शासन ने सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया है. दोनों कर्मचारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए थे. विशेष न्यायालय से सजा सुनाए जाने के बाद संबंधित विभागों ने उन्हें सेवा से पृथक करने के आदेश जारी कर दिए.

पहला मामला खंडवा जिले के छायगांव माखन हल्का के तत्कालीन पटवारी दिनेश जगताप का है. लोकायुक्त के अनुसार, पत्नी के नाम खरीदे गए प्लॉट का नामांतरण करने के एवज में उसने फरियादी से तीन हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी. शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त ने 16 सितंबर 2019 को उसे 500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था. मामले की सुनवाई के बाद विशेष न्यायालय, खंडवा ने 31 मार्च 2026 को उसे तीन वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई. इसके बाद 13 मई 2026 को कलेक्टर खंडवा ने उसे सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया.

### पट्टा दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर रिश्वत लेते पकड़ा था वनरक्षक को

दूसरा मामला खरगोन जिले के भीकनगांव वन परिक्षेत्र के मचलगांव बीट में पदस्थ वनरक्षक आजम खान से जुड़ा है. उस पर वन भूमि से जुड़े प्रकरण में मौका नक्शा तैयार करने और पट्टा दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर पांच हजार रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप था. लोकायुक्त ने शिकायत सही मिलने पर 13 जुलाई 2019 को उसे 1,900 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था. विशेष न्यायालय ने 19 नवंबर 2025 को आरोपी को चार वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई. अर्थदंड जमा नहीं करने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भी तय किया. न्यायालय के फैसले के बाद सामान्य वन मंडल खरगोन ने 28 नवंबर 2025 से उसे सरकारी सेवा से बर्खास्त कर दिया.

# दहेज प्रताड़ना के केस के बाद कंस्ट्रक्शन कारोबारी ने जहर पीकर दी जान

▶ परिजनों ने पत्नी पक्ष पर लगाए गंभीर आरोप

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सात महीने पहले शादी करने वाले एक कंस्ट्रक्शन कारोबारी ने जहर पीकर आत्महत्या कर ली. मृतक के परिजनों का आरोप है कि पत्नी द्वारा दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराने के बाद वह लगातार मानसिक तनाव में था. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.**

हीरानगर क्षेत्र की अंबिकापुरी कॉलोनी निवासी राजीव राठौर ने रात जहरीला पदार्थ खा लिया. हालत बिगड़ने पर परिजन उसे राजश्री अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. राजीव कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़ा था और अपने मामा के साथ काम करता था.

परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले साल के आखिर में उसकी शादी बीमा अस्पताल क्षेत्र में रहने वाली युवती से हुई थी. शादी के कुछ महीने बाद दोनों के बीच विवाद होने पर पत्नी मायके चली गई. इसके बाद उसने महिला थाने में राजीव, उसकी मां, भाई और बहनों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया. परिजनों का आरोप है कि इसी प्रकरण के चलते राजीव गहरे तनाव में रहने लगा था. उनका यह भी कहना है कि शादीशुदा बहनों को भी मामले में घसीटा गया और पूरे परिवार को परेशान किया. परिजनों ने राजीव की आत्महत्या के लिए पत्नी और उसके परिवार को जिम्मेदार ठहराया है. थाना प्रभारी सुशील पटेल का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

### बंद मकान का ताला तोड़कर जेवर व नकदी चोरी

इंदौर. गांधीनगर थाना क्षेत्र की न्यू मुस्लिम कॉलोनी में बंद मकान को निशाना बनाकर बदमाश सोने चांदी के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए. वारदात का पता चलने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. न्यू मुस्लिम कॉलोनी निवासी सलीम शेख उम्र 47 साल के घर में 9 मई की सुबह 9 से 11 बजे के बीच चोरी हुई. अज्ञात बदमाश मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और गेहूं की कोठी में रखे पुराने इस्तेमाल के सोने चांदी के जेवर तथा नकदी समेटकर फरार हो गए. करीब दो महीने बाद मामले की शिकायत दर्ज होने पर गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है.

## एक नजर में

### एक पेड़ मां के नाम अभियान : मियावाकी पद्धति से 3000 पौधे लगाए



पीथमपुर. नगर पालिका परिषद पीथमपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित शहर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 5, हाउसिंग बोर्ड स्थित मुक्ति धाम के पास एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मियावाकी पद्धति से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा शहर के हरित क्षेत्र में वृद्धि होगी. पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है. साथ ही प्रत्येक पौधे की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए हैं, ताकि पौधे सुरक्षित रूप से विकसित होकर भविष्य में एक सघन हरित क्षेत्र का निर्माण कर सकें. इस अवसर पर नपाध्यक्ष सेवंती सुरेश पटेल, सीएमओ आरती गरवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, पार्षद अशोक पटेल, महेश पटेल, एडवोकेट राजेश चौधरी, पार्षद रूप सिंह छड्डोदी, महेश पथरिया, लालू शर्मा, पत्रकार कैलाश सागर, कांग्रेस नेता सीताराम गोयल, सब इंजीनियर हिमांशु सिंह, अजय करारे, सुधीर ठाकुर, राकेश बनवाल, अधीक्षक विजय अहीर, सहायक अमित मिश्रा एवं अनेक कर्मचारी, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी तथा शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

### हर घर दस्तक अभियान शुरू, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नए नियम लागू



महू. छावनी परिषद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को पूरी तरह लागू कर दिया गया है. इस दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए परिषद द्वारा मंगलवार को हर घर दस्तक अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया. मुख्य अधिशासी अधिकारी ज्योति कपूर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अभियान की शुरुआत की. उन्होंने अभियान की उपयोगिता और सार्थकता समझाते हुए जनता को जागरूक किया. इस दौरान अभियान के तहत बांटे जाने वाले मार्गदर्शक पेम्फलेट्स का विमोचन कर घर-घर जाकर संदेश पहुंचाने वाले वॉलेंटियर्स को कैप पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया और हरी झंडी दिखाई. स्वच्छ सर्वेक्षण सलाहकार हरिसिंह ठाकुर ने कचरा प्रबंधन की बारीकियां सिखाईं. इस अवसर पर कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुरेश खंडेलवाल, मेजर सौरभ शर्मा, पत्रकार संघ अध्यक्ष विजय खंडेलवाल सहित महिला प्रकोष्ठ की श्रीमती तृप्ति मिश्रा, राजेश पाटीदार, राजेश चौधरी, श्रीमती वीणा दीक्षित, अभिषेक मारोलिया, लता यादव, पवन गब्बू जैन और राजकुमार सैनी मुख्य रूप से मौजूद रहे. संचालन कार्यालय अधीक्षक सतीश अग्रवाल ने किया, आभार रवि मित्तल ने माना. अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य अधीक्षक मनीष अग्रवाल, स्वास्थ्य निरीक्षक अनिल भाटी, देवेन्द्र मेव एवं उनकी पूरी टीम के साथ-साथ परिषद के कर्मचारी, विद्यालयीन स्टाफ और छात्राएं सक्रिय रूप से शामिल रहे.

### महू को पुन: इंदौर लोकसभा क्षेत्र में शामिल करने की मांग



महू. जनता कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता अमित वर्मा ने आगामी संसदीय क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर एक महत्वपूर्ण मांग उठाई है. उन्होंने कहा कि महू की भौगोलिक और सामाजिक स्थिति को देखते हुए इसे आगामी परिसीमन में पुन: इंदौर लोकसभा क्षेत्र में शामिल किया जाना ही न्यायसंगत होगा. उन्होंने एक विज्ञप्ति में बताया कि आगामी परिसीमन के तहत मध्य प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 29 से बढ़ाकर 44 किए जाने की योजना विचाराधीन है. इस नए बदलाव के तहत वर्तमान धार-महू लोकसभा सीट को विभाजित कर धार एवं सरदारपुर तथा इंदौर लोकसभा सीट को इंदौर शहर एवं इंदौर ग्रामीण में बदलने का प्रस्ताव है. उन्होंने तर्क दिया कि महू की सामाजिक और भौगोलिक अनुरूपता धार की तुलना में इंदौर से कहीं अधिक मेल खाती है. इसलिए क्षेत्र के समुचित और बहुआयामी विकास के लिए महू को इंदौर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा बनाया जाना बेहद जरूरी है. इस संबंध में अमित वर्मा ने परिसीमन आयोग को पत्र लिखने के साथ-साथ क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों से भी जनहित में आगे आकर हस्तक्षेप करने की अपील की है.

# अलग-अलग मामलों में चार लोगों की मौत

**इंदौर. शहर और आसपास के क्षेत्रों में आत्महत्या के चार अन्य मामले भी सामने आए हैं. लसूड़िया थाना क्षेत्र की ग्रीन पैलेस कॉलोनी में हाउसकीपिंग का काम करने वाले 18 वर्षीय सोनू का शव फंदे पर लटका मिला. वह मूल रूप से विदिशा का रहने वाला था और करीब 18 दिन पहले ही नौकरी के लिए इंदौर आया था. पुलिस को उसकी जेब से 150 रुपए और एक डॉलर मिला है.**

उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल सामने नहीं आया है. वहीं देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ी निवासी 60 वर्षीय पन्नालाल ने एसिड पी लिया. अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, वे मजदूरी करते थे. बेटमा थाना क्षेत्र के ग्राम दौलताबाद निवासी 22 वर्षीय रोहित ने जहरीला पदार्थ खा लिया था. उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया. इसके अलावा सांवेर क्षेत्र में दीपक और ग्राम निपानिया निवासी कलम उर्फ कमल मेहड़ा ने अलग अलग स्थानों पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# जनसुनवाई : पारिवारिक विवाद और जमीन संबंधी शिकायतें ज्यादा आईं

▶ पुलिस जनसुनवाई में 110 आवेदक पहुंचे अपनी फरियाद लेकर



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पुलिस कमिश्नर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 110 आवेदक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे. सबसे ज्यादा मामले पति पत्नी और बेटा बहू के विवाद, पैसों के लेन देन, प्लॉट मकान और जमीन संबंधी धोखाधड़ी, फाइनेंशियल फ्रॉड, दुकान पर कब्जा तथा महिला अपराध से जुड़े रहे. पुलिस कमिश्नर ने एक एक आवेदक की शिकायत सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई और शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए.**

जनसुनवाई के दौरान कई फरियादियों ने शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने की बात भी रखी, जिस पर पुलिस कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब करते हुए लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए. कई मामलों में अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर तो कुछ मामलों में फोन पर निर्देश देकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई. इस दौरान सभी जोन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे. शिकायतों की गंभीरता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने फरियादियों को भरोसा दिलाया कि प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

# 20 .22 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ युवक को पकड़ा

▶ पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा



**इंदौर. शहर में एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने पहुंचे एक युवक को क्राइम ब्रांच ने नर्सिया रोड से गिरफ्तार किया है. उसके पास से 20.22 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई. शुरुआती पूछताछ में पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स की खेप आरोपी कहां से लाया और शहर में इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था.**

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एक युवक पिपलेश्वर महादेव मंदिर के पास ड्रग्स लेकर आने वाला है. टीम ने घेराबंदी कर बाइक सवार संदिग्ध को रोक लिया. तलाशी लेने पर उसकी जेब से एमडी ड्रग्स मिली. मौके पर जांच के बाद मादक पदार्थ जब्त कर बाइक भी कब्जे में ले ली गई. पकड़े गए आरोपी की पहचान अजय सिंह सिसोदिया उम्र 25 साल निवासी ग्राम मलवासा, जिला आगर मालवा के रूप में हुई. वह ग्रेजुएट है और एथेनॉल कंपनी में नौकरी करने के साथ खेती भी करता है. डीसीपी क्राईम राजेश त्रिपाठी के अनुसार, प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. आरोपी से पूछताछ में ड्रग्स सप्लाई करने वाले और खरीदने वालों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है, पूछताछ के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी.

### दो जगह हथियार लेकर घूमते दो युवक गिरफ्तार

इंदौर. शहर में अवैध हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को अलग अलग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है. दोनों के कब्जे से धारदार हथियार बरामद किए हैं. लसूड़िया पुलिस ने बजरंग नगर कांकड़ के पास कार्रवाई करते हुए पीयूष गोस्वामी निवासी मूलत: राजगढ़ (धार) हाल निवासी मेघदूत नगर को गिरफ्तार किया, तलाशी में उसके पास से एक खटकेदार चाकू बरामद हुआ. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. वहीं, राजेंद्र नगर पुलिस ने कुंदन नगर के सामने हरिधाम मंदिर के पास दीपक चौहान निवासी अहिरखेड़ी मल्टी को पकड़ा. उसके कब्जे से एक धारदार तलवार बरामद हुई.

# सार्वजनिक पेशाबघर तोड़ने का विरोध करने पर दुकानदारों को धमकाया

**इंदौर. सराफा क्षेत्र में शासकीय सार्वजनिक पेशाबघर तोड़ने का मामला सामने आया है. घटना का विरोध करने वाले दो दुकानदारों के साथ आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी. नगर निगम की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.**

नगर निगम कर्मचारी धर्मेंद्र राठौर उम्र 38 साल रोजाना की तरह वार्ड 69 स्थित शिरोमणि मार्केट के पीछे बने सार्वजनिक पेशाबघर का निरीक्षण करने पहुंचे थे. वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि पेशाबघर तोड़ा जा चुका है. इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दी गई. जांच के दौरान आसपास के दुकानदार हरि शिंदे और गौरव शिव ने बताया कि पेशाबघर से लगी दुकान के मालिक शेफुद्दीन हुसैन और मोइनुद्दीन हुसैन ने उसे तुड़वाया है. दोनों दुकानदारों ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने को कहा. नगर निगम की शिकायत पर सराफा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और धमकाने सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

**एक नजर में** ▶ शहर के कई नालों की सफाई नहीं होने से थोड़ी सी बारिश में ही जगह-जगह जलभराव हो जाता है और यातायात प्रभावित होने के साथ ही लोगों की परेशानी बढ़ जाती है

# मानसून की दस्तक के साथ ही बढ़ गया जलभराव का खतरा



इंदौर. मानसून की दस्तक के साथ शहर में जलभराव का खतरा बढ़ने लगा है. शहर के खजराना चौराहा, परदेसीपुरा सहित शहर के कई क्षेत्रों में स्थित नालों में जमा कचरे का पहाड़ नगर निगम की लापरवाही और लोगों की अस्वच्छ आदतों की पोल खोल रहा है. शहर के कई नालों की सफाई नहीं होने से थोड़ी सी बारिश में ही जगह-जगह जलभराव हो जाता है, इससे यातायात प्रभावित होने के साथ ही लोगों की परेशानी बढ़ जाती है. इंदौर के परदेसीपुरा क्षेत्र में वार्ड 23 और 24 के बीच बहने वाला नाला बरसात से पहले ही कचरे के अंबार से पटा पड़ा था. अब बारिश शुरू होने के बाद मौके की तस्वीरें साफ बता रही हैं कि समय रहते सफाई नहीं हुई. अभी भी निगम इसकी सफाई कर सकती है, लेकिन यदि अभी भी सफाई नहीं की गई तो बारिश के इस मौसम के दौरान नाला जाम होने से निचली बस्तियों में जलभराव की गंभीर स्थिति बन सकती है. सबसे बड़ी बात यह है कि वार्ड 24 कुलकर्णी का भट्टा के रहवासी स्वच्छता को लेकर जागरूक दिखाई देते हैं. स्थानीय लोग एक-दूसरे को नाले में कचरा न फेंकने की हिदायत भी देते हैं, वहीं वार्ड 23 की लाल गली की ओर से लगातार बड़ी मात्रा में कचरा नाले में डाला जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है. कचरे से उठने वाली दुर्गंध और मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बीमारियों को न्योता दे रहा है. एक ओर नगर निगम स्वच्छ और स्वस्थ इंदौर के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर यह दृश्य प्रशासनिक लापरवाही और नागरिकों की गैर-जिम्मेदाराना सोच दोनों पर सवाल खड़े करता है. बरसात से पहले नाले की सफाई और लोगों में जागरूकता बढ़ाना अब बेहद जरूरी हो गया है.

### यह बोले रहवासी...



बार-बार साफ करते हैं और बार-बार कचरे का डेर लग जाता है, इससे क्षेत्र में मच्छर-मक्खियां बढ़ रहे हैं और बीमारियां हो रही हैं. जल भराव भी हो जाता है.

**- जगदीश जैतपुरिया**



क्षेत्र में नियमित कचरा गाड़ी आती है, फिर भी आसपास के और दूर-दराज के लोग आकर यहां पर कचरा डाल जाते हैं. इससे होने वाले नुकसान को लोगों को खुद समझना चाहिए.

**-शंभू**



आगे बनी पाल से वॉल बंद होते हैं, सारा पानी रुक जाता है. कचरे के कारण गंदगी तो होती ही है, साथ में छोटे-बड़े नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं.

**- देवचंद**